डिजीटल एडिशन

TC-MPHIN39008

राजवाड़ा दर्पण

वर्ष-3 अंक-313 | इन्दौर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ-4 | मूल्य- 2 रुपए

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, मौके पर दो युवकों की मौत; दो गंभीर



धार ■ ब्यूरो ■ राजवाड़ा दर्पण

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार दोपहर नालछा थाना क्षेत्र के नागदा-गुजरी मार्ग पर सलकनपुर फाटे के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल धार जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

एक बाइक से मानपुर, दूसरी से धार आ रहे थे

जानकारी के अनुसार, धार के मगजपुरा निवासी भगवान लश्करी (45) और त्रिमूर्ति नगर निवासी ललित सेंडगे (48) बाइक से मानपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सलकनपुर फाटे के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर बिलोदा निवासी प्रवीण (25) और रोहित (25) सवार थे, जो मांडव की ओर से धार आ रहे थे। टक्कर में ललित सेंडगे और प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भगवान लश्करी और रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए।

जीजा के घर आ रहे थे दोनों युवक

प्रवीण के भाई धर्मराज ने बताया कि प्रवीण और रोहित बिलोदा से धार स्थित अपने जीजा के घर आने के लिए निकले थे। रास्ते में हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। वहीं, भगवान लश्करी अपने ससुराल मानपुर जा रहे थे। हादसे में उनके साथ बाइक पर सवार ललित की जान चली गई।

पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना पर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए रखवाए गए। नालछा पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

शस्त्र पूजन में सीएम डॉ. मोहन यादव का संदेश-

शस्त्र रक्षा और कर्तव्य का प्रतीक, पुलिस में 18,500 पदों पर होगी भर्ती



इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

विजयादशमी पर मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर पुलिस लाइन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र पूजन किया। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। शस्त्र धारण करना शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि नागरिकों की रक्षा और व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने तलवार,भाला और एके-47 सहित पारंपरिक व आधुनिक शस्त्रों का पूजन किया। उन्होंने पुलिस वाहन और अश्वों की पूजा के साथ कन्या पाद पूजन भी किया।

पुलिस में 18,500 पदों पर भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलिस विभाग के 18,500 पदों पर भर्ती का निर्णय लिया गया है। आगामी वर्ष जनवरी-फरवरी में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की विशेष परीक्षा आयोजित करने की

इंदौर पुलिस को मिले 51 नए वाहन, पुलिस सेतु ऐप लॉन्च; जनवरी-फरवरी में पीएससी की विशेष परीक्षा, हर जिले में पुलिस बैंड बनाने की तैयारी

योजना है। उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक जिले में पुलिस बैंड विकसित करने की पहल की जानकारी भी दी। इसके लिए 750 पदों पर भर्ती की बात कही।

पुलिस सेतु ऐप लॉन्च, 51 वाहन फ्लैग ऑफ

मुख्यमंत्री ने पुलिस सेतु ऐप का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से नागरिक अपने स्थान के आधार पर संबंधित पुलिस थाने और ड्यूटी अधिकारियों की जानकारी लेकर उनसे संपर्क कर सकेंगे। सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए इंदौर पुलिस को उपलब्ध कराए गए 51 दोपहिया वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की सहायता से उपलब्ध कराए गए हैं।

इंदौर पुलिस के नवाचारों की सराहना

मुख्यमंत्री ने इंदौर पुलिस के तकनीकी नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों से पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मध्यस्थता केंद्र में 1,150 से अधिक शिकायतें मिलीं, जिनमें 85 प्रतिशत से ज्यादा का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट,सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

दमोह के जमुनिया में दर्दनाक हादसा

तीन बच्चों संग कुए में कूदी महिला, मां और दो बच्चों की मौत; एक बच्ची को ग्रामीणों ने बचाया



दमोह/पथरिया ■ राजवाड़ा

दमोह जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में मंगलवार सुबह हृदयविदारक घटना सामने आई। 28 वर्षीय मंजू ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। हादसे में मंजू, 4 वर्षीय बेटी अन्नू और 3 वर्षीय बेटे अनुज की मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय बेटी आरुषि को ग्रामीणों ने सुरक्षित बचा लिया।

प्रभात फेरी के लिए निकले लोगों ने बच्ची की चीख सुनकर ग्रामीणों की मदद से चारों को कुएं से बाहर निकाला। पथरिया स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने मां और दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया। जीवित बची बच्ची ने बताया कि मां ने पहले बच्चों को कुएं में धकेला और फिर खुद छलांग लगा दी।

मृतका की मां उमा रानी ने दामाद पर शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। वहीं, पति ने किसी विवाद की जानकारी से इनकार करते हुए घटना के कारणों से अनभिज्ञता जताई है।

पथरिया थाना प्रभारी महेंद्र जगेत के अनुसार, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया गया है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बदरीनाथ धाम के कपाट 16 नवंबर को होंगे शीतकाल के लिए बंद

■ देहरादून ■

बदरीनाथ धाम के कपाट 16 नवंबर को रात 9 बजकर 37 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके अगले दिन यानी 17 नवंबर को देवडोलियां अपने-अपने शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए प्रस्थान करेंगी। वहीं, श्री केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के पावन पर्व पर 11 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके साथ ही दोनों प्रमुख धामों में इस वर्ष की यात्रा का समापन हो जाएगा।

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम उत्तराखंड के चारधाम यात्रा के प्रमुख पड़ाव हैं। हर साल यात्रा के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बदरीविशाल और बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सर्दियों में मौसम प्रतिकूल होने और बर्फबारी की संभावना के चलते परंपरा के अनुसार दोनों धामों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इसके बाद शीतकाल में निर्धारित पूजा स्थलों पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना जारी रहती है।

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर धाम के कपाट 16 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। विजय दशमी पर्व पर आज मंगलवार 20 अक्तूबर को ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कपाट बंद होने की तिथि निर्धारित की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 16 नवंबर को मद्महेश्वर धाम के कपाट बंद होने के बाद भगवान की चल विग्रह डोली शीतकालीन प्रवास के लिए रवाना होगी।

बिक्रमजीत के परिजनों से मिले केन्द्रीय मंत्री शाह

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले में मारे गए 40 वर्षीय बिक्रमजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। आरोप है कि बिक्रमजीत को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने अपने गांव में नशीले पदार्थों की तस्करी का विरोध किया था। शाह गुरदासपुर, संगरूर और मानसा के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वे उन लोगों के परिवारों से मिल रहे हैं, जिनकी हाल ही में पंजाब में नशीले पदार्थों की समस्या से जुड़ी घटनाओं में मौत हो गई थी।

एथलेटिक्स : सिमरन को 200 मीटर स्प्रिंट और प्रणव को डिस्कस थ्रो में गोल्ड



नौसेना की ताकत बढ़ाएंगे 50 हजार करोड़ के चार नए युद्धपोत

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत चार विशाल लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक (एलपीडी) युद्धपोतों के निर्माण के लिए देश की चयनित जहाज निर्माण कंपनियों से तकनीकी और वित्तीय बोलियां मांगी गई हैं। इस परियोजना पर करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रत्येक युद्धपोत का वजन 30 हजार टन से अधिक होगा।

अवकाश की सूचना

विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी शुभचिन्तकों, पाठकवृन्द, विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ। इस अवसर पर 21 अक्टूबर 2026 को सांध्य दैनिक 'राजवाड़ा दर्पण' का अवकाश रहेगा, अत: अगला अंक 22 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगा।

-सम्पादक

गरबा पंडाल के पास रास्ते को लेकर विवाद, रिटायर्ड सैन्य अधिकारी की गोली से युवक की मौत



इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

गरबा पंडाल के पास रास्ता रोकने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। एमआईजी थाना क्षेत्र की कृष्णबाग कॉलोनी में हुए विवाद के बाद कथित तौर पर रिटायर्ड सैन्य अधिकारी ने लाइसेंसी पिस्तौल से फायरिंग कर दी।

गोली लगने से घायल रक्षित चौबे की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज राणे और उनके बेटे केशव राणे को गिरफ्तार कर लिया है।

रास्ता ब्लॉक होने पर हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक, केशव राणे अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ता ब्लॉक होने की बात को लेकर उनका रक्षित चौबे से विवाद हो गया। इसके बाद केशव ने अपने पिता नीरज राणे को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि इसके बाद नीरज राणे लाइसेंसी पिस्तौल लेकर गरबा पंडाल के पास पहुंचे और फायरिंग कर दी। गोली रक्षित के पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल में तोड़ा दम, पुलिस ने की कार्रवाई

घायल रक्षित को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा था। हालांकि, उन्हें बचाया नहीं जा सका। युवक की मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरज राणे और केशव राणे को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी रिटायर्ड सैन्य अधिकारी

पुलिस अधिकारी हिमानी मिश्रा के अनुसार, नीरज राणे सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं और उनकी तैनाती मणिपुर में रही थी। मामले में पहले भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। रक्षित की मौत के बाद मर्ग कायम कर प्रकरण में आवश्यक धाराएं बढ़ाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

दशहरे पर 43 साल से हो रहा ड्रेनेज चेंबर का पूजन, निगम आयुक्त ने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए की प्रार्थना

इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

इंदौर नगर निगम में दशहरे पर ड्रेनेज चेंबर पूजन की 43 साल पुरानी परंपरा आज भी कायम है। मंगलवार को चिमनबाग चौराहे पर होलकरकालीन ड्रेनेज लाइन के चेंबर का पूजन निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने किया। इस दौरान मां कालिका का आह्वान कर ड्रेनेज कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुख-समृद्धि की कामना की गई।



आयुक्त ने कहा कि पहले कर्मचारी गहरी ड्रेनेज लाइनों की सफाई मैन्युअल तरीके से करते थे। उनके सुरक्षित कार्य और निर्विघ्न सेवा की कामना के साथ यह परंपरा शुरू हुई थी। अब आधुनिक मशीनों से सफाई की जा रही है, लेकिन कर्मचारियों का योगदान आज भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अपर आयुक्त आशीष, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, जोनल अधिकारी राज ठाकुर सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

दिनदहाड़े बंद मकानों में चोरी करने वाली गैंग पकड़ी, 3 लाख का माल बरामद

दो युवक गिरफ्तार, एक नाबालिग भी पकड़ा गया; जैन मंदिर की दानपेटी चोरी में भी संलिप्तता आई सामने



इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

दिन में बंद मकानों और फ्लैटों की रेकी करना, ताले तोड़कर चोरी करना और कुछ ही मिनटों में मोटरसाइकिल से फरार हो जाना-इस तरीके से वारदातों को अंजाम देने वाली तीन सदस्यीय गैंग को तेजाजी नगर पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल सहित करीब 3 लाख रुपए का माल बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 18 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रालामंडल के आगे तिल्लौर खुर्द रोड पर संकरी पुलिया के पास कुछ संदिग्ध खड़े हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अजय योगी (20) निवासी बिजलपुर और अल्तमश मोहम्मद (19) निवासी आजाद नगर को गिरफ्तार किया। इनके साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा गया।

दो अंदर घुसते, तीसरा बाइक लेकर रहता था तैयार

पूछताछ में सामने आया कि गैंग के सदस्य दिन के समय बंद और ताला लगे मकानों व फ्लैटों की रेकी करते थे।

इसके बाद दो सदस्य ताला तोड़कर घर में घुसते और चोरी करते थे, जबकि तीसरा मोटरसाइकिल लेकर बाहर तैयार रहता था। वारदात के बाद तीनों तेजी से मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के मंगलसूत्र के 15 मोती, चांदी की तीन जोड़ी पायजेब और बच्चों के चार चांदी के कड़े बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल क्रं. एमपी-09-जेडके-6582 भी जब्त की गई है।

जैन मंदिर की दानपेटी चोरी में भी नाम


पूछताछ के दौरान आरोपियों ने द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के फूटी कोठी मेन रोड स्थित शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की दानपेटी से नकदी और चांदी के सिक्के चोरी करने की वारदात में भी संलिप्तता बताई है। इस मामले में पहले से प्रकरण दर्ज है और पुलिस विवेचना कर रही है। आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ तेजाजी नगर और द्वारिकापुरी सहित अन्य थानों में भी प्रकरण दर्ज हैं। अजय योगी के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज होने का रिकॉर्ड भी सामने आया है। वहीं, अल्तमश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज है। नाबालिग के खिलाफ भी पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त नरेंद्र सिंह रावत और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में की गई। सहायक पुलिस आयुक्त रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में तेजाजी नगर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र मरकाम सहित पुलिस टीम और साइबर सेल के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

ड्रोन से खुली पोल : गरबा पंडाल के पास छिपकर शराब पी रहे 3 लोग पकड़े



इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

गरबा पंडालों की सुरक्षा के लिए की जा रही ड्रोन निगरानी में छत्रीपुरा पुलिस को सफलता मिली। 19 अक्टूबर को घूमर गरबा पंडाल के पास टीन शेड और खड़े वाहनों की आड़ में शराब पीते तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया।

मौके से शराब की बोतल, गिलास और पानी की बोतल बरामद हुई। तीनों के खिलाफ वैधानिक ककार्रवाई की गई। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान सुरभान, रिंकू और भुवान के रूप में हुई है। तीनों जोबट, जिला अलीराजपुर के निवासी हैं। कार्रवाई थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।



नशे में तो नहीं चला रहे बस-ट्रक? बायपास पर 60 से ज्यादा वाहनों की जांच

इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

यात्रियों की सुरक्षा और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने बसों और भारी वाहनों के चालकों की आकस्मिक जांच की। बेस्ट प्राइस बायपास और तेजाजी नगर चौराहे पर ब्रीथ एनालाइजर से चालकों की जांच की गई। इस दौरान किसी भी चालक के शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि नहीं हुई।

बेस्ट प्राइस बायपास पर पुलिस टीम ने 30 से 35 अंतरराज्यीय बसों और व्यावसायिक वाहनों की जांच की, जबकि तेजाजी नगर चौराहे पर 25 से 30 बसों और भारी वाहनों के चालक जांच के दायरे में आए। पुलिस ने चालकों को सुरक्षित और जिम्मेदारी से वाहन चलाने की समझाइश भी दी। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में की गई।

धार में शस्त्र पूजन : मंत्री विजयवर्गीय बोले- रक्षा का अंतिम विकल्प हैं शस्त्र, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी की शिरकत

जिले में 40 प्रतिशत कम बारिश पर जताई चिंता, कहा- आरओ के बचे पानी का करें दोबारा उपयोग



धार ■ ब्यूरो ■ राजवाड़ा दर्पण

विजयादशमी पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्रों पर धूप-दीप अर्पित कर आरती की गई। पुलिस जवानों ने हर्ष फायर कर परंपरा निभाई।

शास्त्र सिखाते हैं नीति, शस्त्र रक्षा का अंतिम विकल्प

समारोह में विजयवर्गीय ने कहा कि शास्त्र नीति, न्याय और अनुशासन की शिक्षा देते हैं। शस्त्रों का उद्देश्य असहायों की रक्षा करना, समाज को सुरक्षित रखना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। इनका उपयोग अंतिम विकल्प के रूप में ही किया जाना चाहिए। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों और मर्यादाओं का पालन करने की अपील की।

40 प्रतिशत कम बारिश, पानी बचाने की अपील

प्रभारी मंत्री ने जिले में औसत से करीब 40 प्रतिशत कम बारिश होने पर चिंता जताई। उन्होंने जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि हर परिवार पानी बचाने की योजना बनाए। आरओ मशीन से निकलने वाले बचे हुए पानी का उपयोग बागवानी, सफाई और कपड़े धोने जैसे घरेलू कामों में किया जा सकता है। उन्होंने पानी की हर बूंद बचाने का संदेश दिया।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेढ़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती, कलेक्टर राजीव रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने विजयादशमी और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



खामगांव (महा.) ■ राजवाड़ा दर्पण

खामगांव विधानसभा कांग्रेस कमेटी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 19 अक्टूबर को प्रदर्शन किया।

गांधी बगीचे में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने नारेबाजी के बाद उपविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. रामेश्वर पुरी के माध्यम से महाराष्ट्र के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव संबंधी निर्णयों और एसआईआर प्रक्रिया में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया।

ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत निष्पक्षता और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर देने की मांग उठाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंदौर में त्यौहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालो के विरूद्ध चल रहे अभियान को और अधिक तेज कर प्रभावी बनाया जाएगा

इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में विगत दिवस समय-सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों में लंबित समय-सीमा पत्रों तथा जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि त्यौहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालो के विरूद्ध चल रहे अभियान को और अधिक तेज कर प्रभावी बनाया जाये। उन्होंने नापतोल विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर कार्रवाई : बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें तथा आवेदकों को संतुष्टिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने रेंडम रूप से 4 प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के ब्लाक मेडिकल ऑफिसर का पांच दिन का वेतन काटने, परदेशीपुरा अस्पताल के पीएचएम का सात दिन का वेतन काटने, प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय का तीन दिन का वेतन काटने तथा नगर निगम झोन-10 के वार्ड क्रमांक-39 के उपयंत्री का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

फटाखा दुकान और गोदामों के सुरक्षित संचालन के संबंध में दिये निर्देश : बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने दीपावाली त्यौहार को देखते हुए अग्नि सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फटाखा दुकानों और गोदामों का नियमित और सघन निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये। सभी जगह फायर सेफ्टी के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किये जाये। यह तय किया जाये कि फटाखा दुकान और गोदाम वही व्यक्ति संचालित करें, जिसे लायसेंस प्राप्त है। लाइसेंसी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति द्वारा फटाखा दुकान/गोदाम संचालित करते पाये जाने पर उसका लायसेंस निरस्त किया जाये।

फायर सेफ्टी व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें : कलेक्टर वर्मा ने जिले में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील एवं सार्वजनिक स्थलों पर फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। जहां आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाए जाएं, वहां संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने शासकीय मंदिरों की वर्तमान स्थिति, संधारण एवं संचालन आदि की समीक्षा की।

बैठक के प्रारंभ में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चंद्र ने अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में जल एवं पर्यावरण सरंक्षण की और विशेष ध्यान दिया जाये। इस संबंध में नागरिकों को जागरूक किया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये। इसके लिये अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां संचालित की जाये। बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन पवार तथा रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, वनमंडलाधिकारी सुधाकर सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, प्रखर सिंह तथा श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर का वार्षिक उत्सव 'अद्वैत-2026' का समापन समारोह एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम संपन्न



इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर का वार्षिक उत्सव अद्वैत-2026 का समापन समारोह एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन, विशेष अतिथि शिक्षाविद डॉ. प्रकाश शास्त्री एवं आयुष संचालनालय के उप संचालक डॉ. राजीव मिश्रा थे। कार्यक्रम में वार्षिक उत्सव में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव शोभित जैन ने कहा कि आयुष विभाग आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिये लगातार कार्य रहा है। शोध और नवाचार के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश के 20 स्थानों पर मध्यप्रदेश टूरिज्म के माध्यम से वेलनेस सेन्टर शुरू किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 10 वर्ष आयुर्वेद के लिये बहुत महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। आयुर्वेद की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिये आयुर्वेद के विद्यार्थी और शिक्षकों को लगातार कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद जीवन विज्ञान है, जो वैज्ञानिक कसौटी पर हमेशा खरा उतरा है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति एक ऐसी पद्धति है जो स्वस्थ व्यक्ति की रक्षा करती है और व्यक्ति को बीमार नहीं होने देती है।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में जो नाड़ी विशेषज्ञ होते हैं, उनका अनुमान करीब 80 प्रतिशत तक सही होता है। उन्होंने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिये लगातार प्रयास करें और असफल होने पर हतोत्साहित नहीं हो।

डॉ. प्रकाश शास्त्री ने कहा कि आयुर्वेद की जड़ें भारत में है और इसे मुख्यधारा में लाना हम सबका दायित्व है।

महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण



शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं युवाओं को तकनीकी मार्गदर्शन, कौशल विकास, नवाचार तथा कैरियर संबंधी परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा कार्यशालाएँ, विशेषज्ञ व्याख्यान, औद्योगिक भ्रमण, कैरियर काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने तथा उपलब्ध तकनीकी संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ व्यापक स्तर पर पहुँचाने का प्रयास किया गया। अभियान के अंतर्गत वायर एवं जूट के आभूषण निर्माण, बटिक कला, बेकरी आयटम एवं ब्रेड, एम्ब्रॉयडरी एवं यूनिफॉर्म मेकिंग जैसी कौशल विकास कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही 3डी सॉफ्टवेयर तथा सीएनसी कटिंग संबंधी प्रशिक्षण एवं तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी एवं इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कैरियर काउंसलिंग पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओ हेतु जिला स्तरीय साइंस मॉडल कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। अभियान का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, रचनात्मकता, तकनीकी समझ तथा आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विजया शिंदे ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान में छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सराहनीय रही।

धार तक ट्रेन का इंतजार खत्म होने के करीब, 28-29 अक्टूबर को सुरक्षा जांच; दीपावली बाद दौड़ने की उम्मीद

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना : धार से सागौर तक अधिकारियों ने ट्रॉली से जांचा ट्रैक, टीही टनल में पटरी बिछाने का काम पूरा



धार ■ ब्यूरो ■ राजवाड़ा दर्पण

आदिवासी अंचल में रेल का सपना अब हकीकत के करीब पहुंच रहा है। इंदौर से धार तक ट्रेन चलाने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। धार से सागौर तक रेलवे अधिकारियों ने ट्रॉली से करीब 45 किलोमीटर रेलखंड का बारीकी से निरीक्षण किया।

ट्रैक की गुणवत्ता, पुल-पुलियों, सिग्नल व्यवस्था और निर्माण कार्यों की जांच कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए। अब 28 और 29 अक्टूबर को रेल सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) का निरीक्षण प्रस्तावित है। जरूरी सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने और मंजूरी मिलने के बाद ही ट्रेन संचालन का फैसला होगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, दीपावली के बाद नवंबर-दिसंबर में ट्रेन शुरू होने की उम्मीद है, हालांकि आधिकारिक तारीख घोषित नहीं हुई है।

तीन ट्रॉलियों में निकली टीम, स्टेशन के काम जल्द पूरे करने के निर्देश

रेलवे के मुख्य अभियंता प्लानिंग विकास कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों ने धार से उटावद और गुणावद होते हुए सागौर तक रेलखंड का जायजा लिया। निरीक्षण में ट्रैक, पुल-पुलियों और सिग्नलिंग व्यवस्था की स्थिति परखी गई। कुछ स्थानों पर अधूरे काम मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए। धार स्टेशन पर वेटिंग रूम, ऑनलाइन टिकट घर और कंट्रोल रूम में केबल व इंटरनेट कनेक्टिविटी के काम भी बाकी हैं। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को समयसीमा में काम पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने को कहा है।

टीही टनल में पटरी बिछी, अब फिनिशिंग का काम

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के इस हिस्से में करीब 2,957 मीटर लंबी टीही टनल महत्वपूर्ण पड़ाव है। सुरंग में पटरी बिछाने का काम पूरा हो चुका है, जबकि कुछ हिस्सों में फाउंडेशन, प्रकाश व्यवस्था, सिग्नलिंग उपकरण और कैमरे लगाने के काम बाकी हैं। रेलवे इन कार्यों को जल्द पूरा करने में जुटा है, ताकि सीआरएस निरीक्षण से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा सकें।

धार तक ट्रेन से बदलेंगे सफर और कारोबार के समीकरण

यात्रियों को राहत : इंदौर आने-जाने वाले नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और विद्यार्थियों को आवागमन का नया विकल्प मिलेगा। बसों पर निर्भरता और यात्रा खर्च कम होने की उम्मीद है।

पीथमपुर उद्योगों को फायदा : औद्योगिक क्षेत्र में कच्चा माल लाने और तैयार माल भेजने की सुविधा बेहतर हो सकती है। इससे माल परिवहन की लागत घटने की संभावना है।

मांडू पर्यटन को बढ़ावा : धार तक रेल सेवा शुरू होने से ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मांडू आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और स्थानीय व्यापार को गति मिल सकती है।

धार से झाबुआ तक अभी बाकी है लंबा सफर

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना की कुल लंबाई करीब 208 किलोमीटर है। धार तक ट्रेन चलाने की तैयारी तेज है, लेकिन आगे तिरला होते हुए झाबुआ की दिशा में कई हिस्सों में काम बाकी है। जमीन अधिग्रहण सहित अन्य अड़चनों के कारण कुछ स्थानों पर निर्माण शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में फिलहाल प्राथमिकता धार तक रेल सेवा शुरू करने की है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें 28-29 अक्टूबर को प्रस्तावित सीआरएस निरीक्षण और उसके बाद मिलने वाली मंजूरी पर टिकी हैं।

गश्त के दौरान सागौन से भरी स्कॉर्पियो पकड़ी, चालक फरार

नैनपुर के तस्कर से जुड़े होने की आशंका; पिछले साल भी यहां छापे की जानकारी, वन विभाग खंगाल रहा पूरा नेटवर्क



■ केवलारी (सिवनी) ■

वन संपदा की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग की गश्त के दौरान केवलारी-छींदा मार्ग पर सालीवाड़ा के पास सागौन की सिल्लियों से भरी सफेद स्कॉर्पियो जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया। वन विभाग ने वाहन को कब्जे में लेकर उगली वन परिक्षेत्र के डिपो में खड़ा कराया है। अब जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि सागौन कहां से लाई गई थी और इसकी तस्करी में कौन-कौन शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के बरघाट परियोजना मंडल, सिवनी के अंतर्गत उगली वन परिक्षेत्र की टीम रात्रिकालीन गश्त कर रही थी। इसी दौरान सालीवाड़ा के पास वाहन क्रमांक एमपी 20 सीडी 4517 में अवैध रूप से सागौन की सिल्लियां ले जाते हुए पकड़ा गया। कार्रवाई में रेंजर शिवभान नागेश्वर, डिप्टी रेंजर संतोष बनवाले और वन विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

पिछले साल भी छापे की जानकारी

प्रारंभिक जानकारी में स्कॉर्पियो तिवारी नामक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत बताई जा रही है। वाहन का संबंध नैनपुर के एक कथित तस्कर से होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति के यहां पिछले वर्ष भी छापा पड़ा था। हालांकि, इन तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

राजसात हो सकता है वाहन

वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों और लागू कानूनी प्रावधानों के आधार पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अवैध सागौन परिवहन की पुष्टि होने पर संबंधित वाहन को राजसात करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

सिवनी जिले के वन क्षेत्रों में सागौन जैसी कीमती लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी वन संपदा की सुरक्षा के लिए चुनौती है। सालीवाड़ा में हुई इस कार्रवाई के बाद अब वन विभाग की जांच से तस्करी के स्रोत और इसमें शामिल लोगों के बारे में जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

विजयादशमी पर पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन

दमोह ■ राजवाड़ा

विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन दमोह में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, हटा विधायक उमा देवी खटीक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सहभागिता कर शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दशहरे पर निगम के 400 से ज्यादा वाहनों का पूजन, आयुक्त ने चालकों को दी सुरक्षित संचालन की सीख



उज्जैन ■ राजवाड़ा

विजयादशमी पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम के 400 से अधिक वाहनों और मशीनों का विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान शहर की स्वच्छता, कचरा संग्रहण और निर्माण कार्यों में जुटे संसाधनों के प्रति सम्मान जताते हुए कर्मचारियों के योगदान को सराहा गया। निगम के बेड़े में जेसीबी, पोकलेन, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर, घर-घर कचरा संग्रहण वाहन और सड़क सफाई मशीनों सहित कई संसाधन शामिल हैं। इनसे शहर की नागरिक सुविधाओं का संचालन किया जाता है। पूजन के बाद आयुक्त मिश्रा ने वाहन चालकों को निर्धारित वेशभूषा में रहने, यातायात नियमों का पालन करने और वाहनों के रखरखाव व सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित संचालन को जिम्मेदारी से जोड़ते हुए सावधानी बरतने की बात कही। इस अवसर पर अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, वाहन प्रभारी उमेश बेस सहित वर्कशॉप विभाग के कर्मचारी और वाहन चालक उपस्थित रहे।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने एएसआई ओमशक्ति यादव को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

इन्दौर ■ राजवाड़ा दर्पण

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) ओमशक्ति यादव को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। राज्यपाल गेहलोत ने यादव की कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शासकीय कार्यक्रमों के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल एवं गरिमा बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया। उन्होंने यादव के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की कामना भी की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- गोविन्द राठौर द्वारा 268/17, समाजवादी इन्दिरा नगर, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित एवं पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग, एल.यू.एन.-22, सेक्टर-एफ, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित।
■ सम्पादक : गोविन्द राठौर ■ मो.नं. : 9826033030